महाविद्यालय और मतदाता जागरूकता अभियान

डॉ0 अविनाश आर. निचत

प्रभारी-मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप), शासकीय महाविद्यालय भखारा

हमारे महाविद्यालय में मतदाता जागरुगता को केन्द्र में रखकर स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित है। स्वीप प्लान के अंतर्गत युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण के लिए फॉर्म 06 का वितरण किया गया। जिलास्तरीय स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहनिय उपस्थिति दर्ज करायी। महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता के अंतर्गत ई.वी.एम. मशीन प्रशिक्षण, नुक्कड नाटक, नारा लेखन, निबंध लेखन, वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्न मंच एवं परिचर्चा का आयोजन कराया गया। महाविद्यालय की छात्रों के द्वारा ई.एल.सी. का गठन किया गया एवं विद्यार्थियों ने मतदाता मित्र एवं कैम्पस एम्बेसड़र का जिला-कार्यालय रायपुर एवं धमतरी में प्रशिक्षण ग्रहण कर विधानसभा चुनाव में सक्रिय सहभागिता दी। साथ ही महाविद्यालय में समय-समय पर मतदाता जागरुकता सम्बंधी विभिन्न कार्यक्रम कराए जाते है।

जागरूकता... भखारा कॉलेज में हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम, नारा लेखन में अभिषेक प्रथम